समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# ‘मिर्जापुर : द मूवी’ का धमाकेदार टीज़र रिलीज, पंकज त्रिपाठी, अली फज़ल और दिव्येदुं फिर करेगें खून-खराबे की वापसी


Sanket Morankar



Published on 25 Jun 2026





बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘**मिर्जापुर : द मूवी**’ का पहला आधिकारिक टीज़र रिलीज कर दिया गया है। वेब सीरीज़ की अपार सफलता के बाद अब इसकी कहानी बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। करीब ढाई मिनट के इस टीज़र में एक बार फिर **कालेन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया** की दुनिया पहले से ज्यादा खूनी, खतरनाक और रोमांचक अंदाज में नजर आ रही है।

फिल्म का निर्माण **फरहान अख्तर** और **रितेश सिधवानी** की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है, जबकि निर्देशन **गुरमीत सिंह** और कहानी **पुनीत कृष्णा** ने लिखी है। फिल्म **4 सितंबर 2026** को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीज़र की शुरुआत **पंकज त्रिपाठी** के किरदार **कालेन भैया** से होती है, जो हाथ में जलता हुआ पात्र लिए अपने अंदाज में संवाद बोलते नजर आते हैं। इसके बाद **अली फज़ल** उर्फ **गुड्डू पंडित** हथियारों से लैस दिखाई देते हैं, जो साफ संकेत देता है कि सत्ता की जंग अब और भी खतरनाक होने वाली है।

टीज़र का सबसे बड़ा सरप्राइज **दिव्येदुं** यानी **मुन्ना भैया** की वापसी है। लंबे समय से उनके किरदार की वापसी को लेकर चर्चाएं चल रही थीं और अब टीज़र ने इन अटकलों पर मुहर लगा दी है। मुन्ना भैया अपने पुराने अंदाज में सीटी बजाते और बेफिक्र दिखाई देते हैं।

फिल्म में इस बार **जितेद्रं कुमार** की भी दमदार एंट्री हुई है। एक दृश्य में वह गुड्डू पंडित से कहते हैं कि अब सिर्फ साम्राज्य चलाना नहीं, बल्कि नया साम्राज्य खड़ा करना है। इससे साफ है कि कहानी में सत्ता की लड़ाई एक नए मोड़ पर पहुंचने वाली है।

टीज़र में रेगिस्तान के बीच तेज रफ्तार एसयूवी, हथियारों की बारिश, चाकूबाजी, गला रेतने जैसे कई हाई-वोल्टेज एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलते हैं। वहीं शहर लौटने के बाद कालेन भैया का संवाद—“**सारी प्रजा को मार देगें तो राज किस पर करेगें ?**”—फिल्म की कहानी का बड़ा संकेत देता है।

एक हल्का-फुल्का कॉमिक सीन भी टीज़र में शामिल किया गया है, जिसमें **शीबा चड्ढा** और **रवि किशन** आमने-सामने नजर आते हैं। यह दृश्य फिल्म के गंभीर माहौल के बीच दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देता है।

फिल्म में **श्वेता त्रिपाठी (गोलू गुप्ता)** और **रसिका दुगल (बीना त्रिपाठी)** की भी झलक दिखाई गई है, जिससे साफ है कि पुराने किरदारों की कहानी आगे बढ़ेगी।

टीज़र रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। खास तौर पर **मुन्ना भैया की वापसी** और **कालेन भैया-गुड्डू पंडित** के बीच होने वाली नई टक्कर को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं।

अब दर्शकों की नजरें 4 सितंबर पर टिकी हैं, जब '**मिर्जापुर : द मूवी**' सिनेमाघरों में रिलीज होकर यह तय करेगी कि बड़े पर्दे पर भी मिर्जापुर का जलवा वेब सीरीज़ जितना ही असरदार साबित होता है या नहीं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.